

कौन सा खिलाड़ी है ट्रांसफर के योग्य

जो खिलाड़ी किसी फ्रेंचाइजी के लिए आइपीएल 2020 में एक भी मैच नहीं खेला हो या फिर दो या दो से कम मैच खेला हो, वो खिलाड़ी ट्रांसफर के योग्य है।

## मिड सीजन में ट्रांसफर हो सकते हैं ये दिग्गज खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूएई की सरजमीं पर आइपीएल के 13वें सीजन का रोमांच जारी है। गुरुवार 8 अक्टूबर की दोपहर तक आइपीएल 2020 के कुल 21 मैच खेले जा चुके हैं। अब आइपीएल के सीजन में वो घड़ी भी आने वाली है, जब खिलाड़ी एक टीम से दूसरी टीम में जा सकते हैं। खुद बीसीसीआइ ने ये नियम बनाए हुए हैं कि आइपीएल के मिड–सीजन में आप खिलाड़ियों की अदला–बदली कर सकते हैं।

टीम संयोजन को देखते हुए आइपीएल की फ्रेंचाइजियां दूसरी टीमों से खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ सकती हैं। पहले बीसीसीआइ का नियम था, जो अनकैप्ड प्लेयर(जिसने आइपीएल के नए सीजन का एक भी मैच नहीं खेला) उस खिलाड़ी को दूसरी टीम में जा सकता है, लेकिन इस बार बीसीसीआइ ने नियमों में ढील देते हुए कहा है कि जो खिलाड़ी एक या दो मैच भी खेल चुका है वो भी अगर दूसरी टीम में जाना चाहे तो जा सकता है।

BCCI ने सभी 8 फ्रेंचाइजियों को अनुमति दी है कि जो कैप्ड और अनकैप्ड खिलाड़ी किसी दूसरी टीम में जाना चाहते हैं तो नियमों के तहत जा सकते हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने ट्वीट कर कहा दिल्लीवालों का दिल तो मिसाल है

## बाबा का ढाबा की मदद की अपील, बड़ी संख्या में जुटे लोग

**अपील**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक बुजुर्ग दंपती का वीडियो वायरल हो रहा है जो दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में छोटा सा ढाबा चलाते हैं। ढाबे का नाम है बाबा का ढाबा। कोरोना के चलते कई लोगों की तरह इनके बिजनस पर भी असर पड़ा।

कोरोना के चलते इनका व्यापार ठप्प हो गया था। इसके चलते वह काफी परेशान थे। जब एक शख्स ने इनसे बात की वह अपना दुख संभाल नहीं पाए और रोने लगे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हो गया। इसके बाद कई बड़ी सेलिब्रेटीज ने इनकी मदद करने का आह्वान सोशल मीडिया पर किया। आईपीएल फ्रैंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने भी बाबा के ढाबे को सपॉर्ट करने की अपील दिल्लीवालों से की।

दिल्ली कैपिटल्स ने वीडियो को रीट्वीट करते हुए लिखा, वक्त हालांकि मुश्किल है, लेकिन दिल्ली का दिल भी तो आज भी मिसाल है ना? दिल्लीवालो, आज इस चुनौतीपूर्ण समय में हमारे स्थानीय व्यापार को आपकी मदद की जरूरत है। तो कल से ही इन आंसुओं को खुशी के आंसुओं में बदलते हैं। इसके अलावा क्रिकेटर रविचंद्रन ने भी वीडियो ट्वीट करने वाली महिला से कहा,मैं आपको मेसेज नहीं कर पा रहा हूं लेकिन क्या कोई तरीका है कि मैं इस व्यक्ति की मदद कर सकता हूं?? मैं सहयोग करना चाहूंगा।





खबरों के अनुसार इस बुजुर्ग का नाम कांता प्रसाद है। वह अपनी पत्नी के साथ सुबह 6:30 पर खाना बनाना शुरू करते हैं और 9:30 तक उसे तैयार करके पहुंच जाते हैं। उनके पास दाल, कढ़ी, परांठा, चावल, मटर–पनीर और अन्य सब्जियां होती हैं। इसके बाद दिल्ली के लोग वहां बड़ी संख्या में जुट गए। बुधवार को काफी लोग बाबा का ढाबा पर पहुंचे।

## जडेजा की शानदार फील्डिंग के बाद धोनी का सात साल पुराना ट्वीट हुआ वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रविंद्र जडेजा एक शानदार फील्डर हैं । मैदान पर उनकी फुर्ती की तारीफ सभी करते हैं। बुधवार को चेन्नै सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबले के दौरान जडेजा की शानदार फील्डिंग का एक और नजारा देखने को मिला। जडेजा और फाफ डु प्लेसिस ने मिलकर एक सुनील नरेन का कैच किया। इस कैच की तारीफ सभी ने की। लेकिन अब इसके बाद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का सात साल पुराना ट्वीट वायरल होना शुरू हो गया है।

साल 2013 में धोनी ने अपने ब्लैकबैरी फोन से ट्वीट किया, श्सर जडेजा कैच के लिए दौड़ते नहीं हैं, लेकिन गेंद खुद उन्हें

**जडेजा की शानदार फील्डिंग का एक और नजारा देखने को मिला**

तलाश करते हुए आ जाती है। इस ट्वीट को लोग काफी रीट्वीट कर रहे हैं। धोनी ने 9 अप्रैल 2013 को यह ट्वीट किया था। रविंद्र जडेजा और चेन्नै सुपर किंग्स का रिश्ता बहुत पुराना है। अपनी शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के साथ करने वाले जडेजा साल 2012 में धोनी की इस टीम का हिस्सा बने।

जडेजा ने 2016–2017 में गुजरात लायंस की टीम का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान चेन्नै की टीम पर दो साल का बैन लगा था। जब 2018 में चेन्नै की वापसी हुई तो जडेजा दोबारा इस टीम के साथ जुड़ गए।

9 गेंद पर 17 रन बनाने वाले नरेन ने कर्ण शर्मा की गेंद पर एक शॉट खेला। जडेजा ने बाउंड्री के करीब दौड़ लगाई और छलांग लगाकर गेंद को कैच कर लिया। लेकिन जब वह बाउंड्री को छूने ही वाले थे तब उन्होंने गेंद को डु प्लेसिस की ओर उछाल दिया जिसे उन्होंने आसानी से कैच कर लिया। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 167 का स्कोर बनाया। इसके बाद चेन्नै की टीम पांच विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी।

जडेजा ने 8 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। चेन्नै की टीम ने छह में से चार मैच गंवाए हैं और उसके चार अंक हैं।

## टी20 क्रिकेट को और दिलचस्प बनाने के लिए गावस्कर ने बदलावों की मांग की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व ओपनर बल्लेबाज सुनील गावस्कर के मुताबिक टी20 क्रिकेट इस वक्त काफी अच्छी स्थिति में है और इसमें किसी भी तरह के बदलाव की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें एक ओवर में दो बाउंसर फेंकने की इजाजत दी जा सकती है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में बल्लेबाजों का दबदबा देखा गया है और गेंदबाजों के लिए कुछ ज्यादा नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि गेंदबाजों का दवाब करने के लिए क्या टी20 क्रिकेट में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

इस सवाल के जवाब में गावस्कर ने कहा कि टी20 क्रिकेट में फिलहाल किसी भी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ये प्रारूप बल्लेबाजों के अनुरूप है ऐसे में तेज गेंदबाजों को दो बाउंसर फेंकने की अनुमति दी जा सकती है साथ ही बाउंड्री थोड़ी बड़ी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले तीन ओवर में विकेट लेने वाले गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर दिया जा सकता है लेकिन इस प्रारूप में कोई बदलाव की जरूरत मुझे नहीं लगती।

**न्यूज डायरी**



## एमआई के कोच जयवर्धने ने कहा, अभी कई पहलुओं में सुधार की जरूरत है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। मुंबई इंडियंस की टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है लेकिन मुख्य कोच महेला जयवर्धने को लगता है कि टीम में अभी कई पहलुओं पर सुधार करने की जरूरत है। मुंबई की टीम के छह मैचों में आठ अंक हैं। मुंबई ने अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से हराया था। टीम के कोच जयवर्धने का कहना है, 'हमने लगातार अच्छा खेला है और बल्ले, गेंद दोनों ने रणनीति पर अमल किया है। इसके बावजूद कई पहलुओं में सुधार की जरूरत है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि किन क्षेत्रों में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार तीन जीत के बाद ब्रेक पर जाना अच्छा रहा । उन्होंने कहा, 'हमने लगातार तीन मैच खेले और अब ब्रेक मिला है। तीन जीत के बाद ब्रेक पर जाना अच्छा रहा ।'' मुंबई का सामना अब रविवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा जो शानदार फॉर्म में है।

## राहुल त्रिपाठी को मिला मैन ऑफ द मैच, शाहरुख ने बोला फिल्मी डायलॉग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के सह–मालिक शाहरुख खान बुधवार को टीम का हौसला बढ़ाने के लिए अबू धाबी में मौजूद थे। कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस मैच में चेन्नै सुपर किंग्स को 10 रन से हराया। टीम की जीत में सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी ने अहम किरदार निभाया। शाहरुख ने भी त्रिपाठीक के खेल का पूरा लुत्फ उठाया और अपने ही अंदाज में उसे सेलिब्रेट किया। 81 रनों की पारी खेलने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जब त्रिपाठी मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने गए तो शाहरुख जोर से चिल्लाएरू श्राहुल, नाम तो सुना ही होगा। असल में शाहरुख खान की कई फिल्मों में उनका नाम राहुल रहा है। शाहरुख ने जिस फिल्म का डॉयलॉग बोला वह उनकी 1997 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म श्दिल तो पागल हैश से लिया गया था। इसके बाद राहुल ने ट्वीट भी किया, श्हमारे कुछ रन कम रह गए लेकिन गेंदबाजी ने इसकी भरपाई कर दी।

## सीएसके मध्यक्रम की परेशानी दूर करने के लिए इन्हें टीम में कर सकती है शामिल!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स प्रदर्शन के मामले में आपीएल की सबसे निंरतर टीम रही है, लेकिन इस लीग के 13वें सीजन में हालात थोड़े बदले–बदले से लग रहे हैं। इस टीम के पास अच्छे विदेशी खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, लेकिन टीम के पास अच्छे भारतीय बल्लेबाज नहीं है और इसका असर टीम के प्रदर्शन पर साफ तौर पर देखा जा रहा है। टीम के ओपनर बल्लेबाज मुरली विजय पूरी तरह से फेल रहे हैं तो वहीं टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज केदार जाधव का प्रदर्शन अब तक काफी खराब रहा है। इस सीजन में टीम के दो सीनियर खिलाड़ियों सुरेश रैना व हरभजन सिंह ने खेलने से मना कर दिया था और फ्रेंचाइजी की तरफ से कहा गया था कि उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा, लेकिन सीएसके के मध्यक्रम की कमजोर बल्लेबाजी टीम की हार का कारण बनती जा रही है।

## रोहन जेटली के DDCA अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली का डीडीसीए का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। उनके खिलाफ नामांकन भरने वाले एकलौते उम्मीदवार ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में रोहन जेटली निर्विरोध डीडीसीए की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। जल्द ही आधिकारिक रूप से उनकी ताजपोशी हो जाएगी। डीडीसीए के पूर्व प्रमुख अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली को पहले से ही डीडीसीए के अधिकतर गुटों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में उनके अध्यक्ष बनने का रास्ता एकदम साफ हो गया है। बता दें कि 17 से 20 अक्टूबर को डीडीसीए के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष सहित कुल छह पदों पर उपचुनाव होना है, लेकिन अब अध्यक्ष के पद पर चुनाव नहीं होगा।